हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 19 नवंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 21.2 डिग्री

न्यूनतम 10.2 डिग्री

खरसिया आरओबी निर्माण की नहीं छट रही धुंध, अटका काम

4



## खबर संक्षेप

### पहाड़ी कोरवा परिवारों को मिल रहा जल जीवन मिशन का लाभ

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दूरस्थ अंचलों के लोगों तक भी जल जीवन मिशन योजना के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियों में बिरहोर एवं पहाड़ी कोरवा निवास करती है। जिले के 94 ग्रामों में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोग निवासरत है। सम्पूर्ण जिले में नल जल प्रदाय के साथ-साथ इन 94 ग्रामों के विशेष पिछड़ी जनजाति के बसाहटों के कुल 36183 घरेलू नल कनेक्शन स्वीकृति किया गया है। इनमें से 28 हजार से अधिक नल कनेक्शन के कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिशा-निर्देश में विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को केन्द्र और राज्य शासन की सभी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत देने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है।



### शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना प्राथमिकताः बीईओ

**जशपुर।** विकासखंड मनोरा में नव पदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार पटेल ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालने के बाद क्षेत्र के प्राचार्यों एवं शैक्षिक समन्वयकों ने उनका स्वागत किया। पटेल इससे पहले जशपुर विकासखंड में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। साथ ही वे मनोरा विकासखंड में भी लंबे समय तक स्त्रोत समन्वयक के रूप में कार्यरत रहे हैं। उनकी दक्षता, कार्यशैली और उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें अब विकासखंड शिक्षा अधिकारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत आयोजित बैठक में पटेल ने कहा कि विकासखंड में शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से मनोरा को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई पर ले जाया जाएगा। इस दौरान मनोरा संकुल के शिक्षक मौजूद रहे।

### लर्निंग लाइसेंस शिविर पतराटोली में 21 को

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा में जागरूकता लाने के प्रयास से स्वामी आत्मानंद विद्यालय पतराटोली तहसील दुलदुला में आगामी 21 नवम्बर 2025 शुक्रवार को लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक व्यक्ति लर्निंग लाइसेंस हेतु किसी भी लोक सेवा केंद्र या च्वाइस सेंटर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा परिवहन विभाग की वेबसाइट parivahan.gov.in से भी स्वयं आवेदन किया जा सकता है। आवेदक 21 नवम्बर को अपॉइंटमेंट लेकर स्वामी आत्मानंद विद्यालय पतराटोली तहसील दुलदुला में अपने आवेदन के साथ उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

### कृषकों के पंजीयन में संशोधन के लिए मिलेगा अतिरिक्त समय

**जशपुरनगर।** खरीफ वर्ष 2025 में एकीकृत किसान पोर्टल के नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल व रकबे में संशोधन की कार्यवाही 01 जुलाई से 31 अक्टूबर 2025 तक करने का निर्देश जारी किया गया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभाग के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 धान खरीदी हेतु शेष कृषक, डूबान व वन पट्टाधारी कृषकों के संबंध में प्राप्त पत्र पर नियमानुसार यथोचित कार्यवाही करने की अपेक्षा की गई है। आदेशानुसार एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान व वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड व नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल व रकबे में 19 से 25 नवम्बर 2025 तक संशोधन की कार्यवाही हेतु अतिरिक्त समय का प्रावधान तहसील लॉगिन में किया जा रहा है।

### वन खेलकूद में जशपुर वनमण्डल ने लहराया परचम

# देहरादून में लहराया जशपुर का झंडाः हॉकी में गोल्ड, बास्केटबॉल में मिला डबल सिल्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

देहरादून में चल रही 28वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता 2025 में जशपुर वनमंडल के खिलाड़ियों ने ऐसा धमाल मचाया कि मैदान से लेकर विभाग तक चर्चा सिर्फ जशपुर की रही। छत्तीसगढ़ की पूरी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन अलग चमकते हुए दिखे जशपुर वनमंडल के 9 खिलाड़ी, जिन्होंने अपनी फुर्ती, फिटनेस और शानदार टीमवर्क से प्रतियोगिता में नया मानक स्थापित कर दिया।

हॉकी प्रतियोगिता में जशपुर वनमंडल के खिलाड़ियों का खेल देखने लायक रहा।तेज़ मूवमेंट, सटीक पासिंग और आख़िरी मिनट तक बने रहने वाले दबाव ने पूरे टूर्नामेंट में विरोधियों को बैकफुट पर रखा। फाइनल मुकाबला पूरी तरह जशपुर के नाम रहा और टीम ने शानदार जीत के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया। गोल्ड मेडल जीतने वालों में नवनीत तिर्की, बीएफओ, सुरेश लकड़ा, बीएफओ, अभय लकड़ा, बीएफओ, संदीप कुमार टोप्पो, बीएफओ, संतोष कुमार, बीएफओ इन खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में रक्षण और आक्रमण दोनों में जबरदस्त तालमेल दिखाया।



ट्राफी के साथ विजेता खिलाड़ी।

#### बास्केटबॉल में दिलाया सिल्वर

पुरुष बास्केटबॉल में जशपुर वन मंडल के दो खिलाड़ी सचिन तिर्की, बीएफओ, अनिल प्रधान, बीएफओ ने शुरुआत से ही खेल पर पकड़ बनाए रखी। तीखे कट, तेज ड्रिब्लिंग और सटीक प्वॉइंट्स के दम पर टीम फाइनल तक पहुंची। कड़े संघर्ष वाले फाइनल में टीम को मामूली अंतर से हार मिली, लेकिन प्रदर्शन ऐसा था कि दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाईं।

#### बालिकाओं ने दिखाया दम

महिला बास्केटबॉल में जशपुर की तीन खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन तालमेल दिखाया। तेज़ पेस, दमदार डिफेंस और लगातार प्वॉइंट हासिल करने की क्षमता ने इन्हें फाइनल तक पहुंचाया। फाइनल मुकाबले में टीम सिल्वर पर रुकी, लेकिन खेल भावना और प्रदर्शन दोनों सबसे बेहतर रहे। कु. मंजू तिर्की, बीएफओ, सुनयना एक्का, बीएफओ, बीना तिर्की, बीएफओ सिल्वर विनर क्वीन बनी।

#### जशपुर का नाम रोशन करने वाला प्रदर्शन

डीएफओ शशि कुमार ने खिलाड़ियों के संघर्ष, मेहनत और फिटनेस की तारीफ करते हुए कहा कि जशपुर वनमंडल ने जिस स्तर का प्रदर्शन किया है, वह आने वाले वर्षों तक याद रखा जाएगा। यह प्रदर्शन जशपुर का नाम रोशन करने वाला, खिलाड़ियों की सफलता से जशपुर जिले में उत्साह का माहौल है।

# झारखण्ड का धान छत्तीसगढ़ में खपाने का प्लान चौपट

**बॉर्डर पर पकड़ी गई धान की बड़ी खेप**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

झारखण्ड की सीमा लोदाम से लगा छत्तीसगढ़ का अंतिम गांव के थाने और प्रशासन ने झारखण्ड से लाए जा रहे धान को छत्तीसगढ़ में खपाये जाने के प्लान को चौपट कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार झारखण्ड से पिकअप में लोड करके 60 बोरी धान छत्तीसगढ़ लाया जा रहा था। जिसे प्रशासन ने लोदाम पुलिस की मदद से लोदाम के पास से पीछा करते करते भलमंडा के पास पकड़ लिया। पुलिस और प्रशासन ने जब पिकअप ड्राइवर से धान की बोरियों के दस्तावेज मांगे तो ड्राइवर धान का किसी तरह का कोई दस्तावेज होना नहीं बताया। ड्राइवर ने बताया कि वो धान झारखण्ड से ला रहा है। पहले इसे जशपुर ले जाया जाता इसके बाद अम्बिकापुर मंडी। बता दें कि छग में धान की खरीदी चल रही है। यहां 3100 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। बिचौलिए सरकार की इसी स्कीम का ⏭ शेष पेज 4 पर

### ईब नदी पुलिया से उड़नदस्ता ने पकड़ा दो ट्रक धान



कुनकुरी में अवैध धान परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी है। आज रात क़रीब एक बजे उड़नदस्ता टीम ने हर्राडांड़ स्थित इब नदी पुलिया में चेकिंग के दौरान दो आइसर माजदा ट्रकों को रोककर बड़ी मात्रा में अवैध धान जब्त किया है। दोनों ट्रकों में आवश्यक दस्तावेज न मिलने के बाद उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। अवैध धान परिवहन रोकने गठित उड़नदस्ता टीम देर रात गश्त पर थी, तभी हर्रा डांड रोड स्थित इब नदी पुलिया पर दो संदिग्ध आइसर माजदा ट्रक दिखाई दिए। जांच में ⏭ शेष पेज 4 पर

# जल संसाधन विभाग अंतर्गत भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को

## जिले के 12 परीक्षा केंद्रों में 4717 परीक्षार्थी शामिल होंगे

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 07 दिसम्बर को आयोजित की गई है जिसके लिए 756 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जहां प्रातः 12 बजे से 02.15 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी। जिसमें लगभग 2 लाख 29 हजार 970 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा 16 जिलों (अंबिकापुर, कोरिया, बिलासपुर, दंतेवाड़ा, धमतरी, दुर्ग, जगदलपुर, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कांकेर, कबीरधाम, कोरबा, महासमुंद, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव) में आयोजित की जा रही है। जिसमें राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। जशपुर जिले के 12 निर्धारित परीक्षा केंद्रों में 4717 जिले के परीक्षार्थी शामिल होंगे।

- 756 केन्द्रों में लगभग 2 लाख 29 हजार से अधिक अभ्यर्थी देंगे परीक्षा
- निष्पक्ष, पारदर्शिता पूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन के लिए दिशा-निर्देश जारी

व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर (व्यापम) द्वारा आयोजित परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शिता पूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। अभ्यर्थी परीक्षा से पूर्व इन दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें और निर्धारित समय पर सभी आवश्यक दस्तावेजों व समुचित पहनावे के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचें। निर्देशों का पालन नहीं करने पर अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। व्यापम द्वारा आयोजित आगामी सभी परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में परीक्षा शुरू होने के कम से कम 02 घण्टे पहले परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए है। ताकि प्रवेश के पूर्व सभी अभ्यर्थियों का अनिवार्य रूप से फ्रिस्किंग समय पर किया जा सके। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा। इसके लिए परीक्षार्थी समय का विशेष ध्यान रखेंगे।

**इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, पर्स, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी प्रतिबंधित-** परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभियर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना होगा इसके लिए ऐसे पोषाक वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में समान्य समय से पहले पहुंचना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी द्वारा निर्देशों का पालन नहीं करने, अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर परीक्षा से वंचित किया जाएगा।

#### हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में हो शामिल

परीक्षा में शामिल होने परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में शामिल हो (काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़ा पहनना वर्जित होगा)। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा (स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं है) तथा फुटवियर के रूप में चप्पल पहनना अनिवार्य होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है।

# जिले के मॉनिटरिंग सेल तथा अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक

**जशपुरनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर सत्येन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में जिला न्यायालय जशपुर के सभाकक्ष में मॉनिटरिंग सेल तथा अण्डर ट्रायल रिव्यु कमेटी की माह नवंबर 2025 की मासिक बैठक का आयोजन विगत दिवस 17 नवम्बर 2025 को सम्पन्न हुआ।



प्रधान जिला न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहू द्वारा 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत, बंदियों के संबंध में चर्चा की गई साथ ही वीसी की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया। उक्त कार्यक्रम में मान्‍ शैलेश अच्यूत पटवर्धन, मान. जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जशपुर, मान्‍ जनार्दन खरे, मान. जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) जशपुर, सरोजनी जर्नादन खरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जशपुर न्यायालय के अति. न्यायाधीश जशपुर, सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, कु श्वेता बघेल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रोहित व्यास, कलेक्टर जशपुर, शशि मोहन सिंह, पुलिस अधीक्षक जशपुर, प्रदीप कुमार साहू अपर कलेक्टर जशपुर, उपसंचालक, अभियोजन जिला जशपुर, श्याम लाल,जेल अधीक्षक जशपुर,, जिला लोक अभियोजक, जिला जशपुर सुदेश गुप्ता, चीफ, लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम जशपुर उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे स्थित पेड़ों की डंगाल गिरने का खतरा बढ़ा, छंटाई नहीं होने से दहशत में लोग

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय में सड़क किनारे बड़े पैमाने पर पेड़ मौजूद हैं, जिनकी समय–समय पर छंटाई आवश्यक होती है। लेकिन नगर में लंबे समय से वृक्षों की छटाई न होने के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। स्थिति यह है कि कई स्थानों पर पेड़ों के डंगाल एवं सूखी टहनियां लगातार टूटकर सड़क पर गिर रही हैं, जिससे मार्ग से गुजरने वाले लोग डर के साये में चलने को मजबूर हैं। बिजली टोली स्थित पीएचई ऑफिस के सामने लगे विशाल नीलगिरी का पेड़ इन दिनों लगातार खतरा पैदा कर रहा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार कुछ दिनों से इस पेड़ से डंगाल टूटने और सूखी लकड़ी गिरने की घटनाएँ बढ़ गई हैं। लोगों का कहना है कि नीलगिरी का पेड़ अन्य वृक्षों की तुलना में अधिक ऊंचा होता है और इसकी शाखाएँ अपेक्षाकृत कमजोर होती हैं, जिसके कारण टूटने की घटनाएं आम हैं। इससे सड़क पर आवाजाही करने वाले वाहन चालकों और पैदल चलने वालों में लगातार भय बना रहता है। यह मुख्य मार्ग सी-मार्ट से आगे पीएचई ऑफिस होते हुए संगम चौक को जोड़ता है। इसी क्षेत्र में जनपद, जिला पंचायत सहित अन्य शासकीय कार्यालय भी स्थित हैं। परिणामस्वरूप इस सड़क पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसी स्थिति में यदि बड़ा डंगाल अचानक गिर जाए, तो गंभीर हादसा होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय निवासी जितेंद्र ने बताया कि हाल ही में उनके गुजरने के दौरान नीलगिरी का एक बड़ा टुकड़ा अचानक नीचे गिरा, जो उनके सिर पर लगते–लगते बचा। उन्होंने कहा कि लगातार गिरती टहनियों के कारण लोग इस मार्ग से निकलते समय डर महसूस कर रहे हैं। जितेंद्र ने नगर पालिका से मांग की है कि पेड़ों की समय पर छंटाई कराई जाए, ताकि आमजनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से पेड़ों की कटाई–छंटाई की जानी चाहिए।

# नाबालिग को भगाकर दुष्कर्मः पुलिस ने ओडिशा से दो आरोपियों को पकड़ा

**जशपुरनगर।** नाबालिक को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने, शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म करने और गर्भपात कराने के संगीन मामले में जशपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक 16 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक और उसके सहयोगी जीजा विकास मिरी उम्र 25 वर्ष को उड़ीसा से गिरफ्तार कर लिया।

मामला 17 सितंबर को तब सामने आया जब दुलदुला क्षेत्र के एक प्रार्थी ने अपनी 14 वर्षीय बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला, जिस पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। मामला संवेदनशील होने पर पुलिस सक्रिय हुई और तकनीकी टीम की मदद से मात्र तीन दिन में 20 सितंबर को नाबालिक को उड़ीसा के सुंदरगढ़ से दस्तयाब कर लिया गया। पूछताछ में



नाबालिक ने बताया कि आरोपी से उसकी पहचान रामरेखा मेला के दौरान हुई थी। 9 फरवरी व मई 2025 में दो बार शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया गया। 17 सितंबर को आरोपी उसे जबरन उड़ीसा स्थित अपने जीजा के घर ले गया, जहां तीन दिनों तक दुष्कर्म करता रहा। 20 सितंबर को जब आरोपी लड़की को कहीं और ले जाने बस स्टैंड पहुंचा, उसी समय जशपुर पुलिस ने बालिका को बरामद कर लिया, लेकिन आरोपी फरार हो गया। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में लगी थी। तकनीकी टीम व मुखबिर तंत्र से सूचना मिलने पर एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देशन में टीम उड़ीसा रवाना हुई और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया।दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2), 81, 64(2)(5), 65(1), 89 व पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6, 17 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### जशपुर कोतवाली में जागरूकता प्रदर्शनी, विद्यार्थियों का सैलाब उमड़ा

# नए कानून की गूंज, तारीख पर तारीख का दौर खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में नए आपराधिक कानूनों को जमीन तक उतारने जशपुर पुलिस ने बड़ा कदम बढ़ाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में सिटी कोतवाली में सोमवार को आयोजित जागरूकता प्रदर्शनी में स्कूल–कालेजों के 500 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक, जनप्रतिनिधि और नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी। न्यायिक प्रक्रिया के नए प्रावधानों को समझने की जिज्ञासा ने आयोजन को खास बना दिया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत मुख्य अतिथि, वहीं ⏭ शेष पेज 4 पर



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं नागरिक।

#### विद्यार्थियों को मिली अहम कानूनी जानकारी

अभियोजन विभाग के विपिन शर्मा ने विद्यार्थियों को नए कानूनों की व्यवहारिक जानकारी दी।उन्होंने बताया कि पीड़िता व शिकायतकर्ता को जांच की स्थिति की अनिवार्य सूचना देनी होगी। फोन व ईमेल से दी गई शिकायतों पर 3 दिनों में एफआईआर दर्ज करना आवश्यक। देश के किसी भी हिस्से में शून्य FIR दर्ज कराना संभव, जिसे संबंधित थाने को भेजा जाता है।महिला संबंधी अपराधों की जांच 60 दिनों में तथा अन्य अपराधों की 90 दिनों में पूरी करना अनिवार्य है।7 वर्ष से अधिक सजा वाले अपराधों में फोरेंसिक विशेषज्ञ का मौके पर पहुंचना जरूरी।घटना स्थल की तलाशी, जप्ती की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग कर जिला मजिस्ट्रेट को सौंपनी होगी।दुष्कर्म के मामलों में 7 दिनों के भीतर मेडिकल रिपोर्ट अनिवार्य। पीड़िता की पहचान सख्ती से गोपनीय रखी जाएगी।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**



## सांसद ने किया पूर्व पीएम अटल बिहारी की प्रतिमा का लोकार्पण

**राजपुर।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 6 स्थित अटल परिसर में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, अति विशिष्ट अतिथि सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह के रूप में उपस्थित रहे। सांसद चिंतामणि महाराज ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वाजपेयी जी ने देश को नई दिशा दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी विकसित भारत के सपने को साकार करने में लगे हैं। उन्होंने अटल जी को जन-जन के नेता और भारत की सशक्त आवाज बताया। सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण वर्ष 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शी सोच और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है। कार्यक्रम के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों और अतिथियों ने वाजपेयी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, जपं अध्यक्ष विनय भगत, भाजपा कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल सहित नगर पंचायत के पार्षद, भाजपा पदाधिकारी, एसडीएम देवेंद्र प्रधान, नपं सीएमओ रविंद्र लाल तथा बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

## माइनिंग अफसरों का हुआ तबादला, केके भुई अब होंगे रायगढ़ छाल ओपन कास्ट के नए मैनेजर

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल प्रबंधन ने दर्जन भर के करीब माइनिंग अधिकारियों का तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है। शनिवार को जारी तबादला आदेश में बिश्रामपुर में पदस्थ किरण कल्याण भुई चीफ मैनेजर माइनिंग ई सेवन बिश्रामपुर को अमेरा खदान से अब नवीन आदेश अनुसार छाल ओपन कास्ट रायगढ़ एरिया का मैनेजर नियुक्त किया गया है, इसी प्रकार भटगांव नवापारा खदान के मैनेजर बेचन सिंह अब बिश्रामपुर के स्टॉफ ऑफिसर माइनिंग नियुक्त किए गए हैं, अजय कुमार को जीएम ऑपरेशन जमुना कोतमा के अतिरिक्त उसी एरिया का एसओ माइनिंग भी नियुक्त किया गया है,रजनेश पांडेय को हसदेव से रायगढ़ एरिया दुर्गापुर का सब एरिया मैनेजर नियुक्त किया गया है,रबी नारायण पाढ़ी को कोरबा क्षेत्र का एसओ माइनिंग के साथ एसओपी एंड पी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है,अशोक कुमार तिवारी को बैकुंठपुर भटगांव के नवापारा खदान का मैनेजर बनाया गया है,अरुणोदय सिंह एसओपी एंड पी कोरबा से वही छुरा कछार माइन का मैनेजर नियुक्त किया गया है,समेलाल डहरिया को कुसमुंडा से अमेरा खदान का मैनेजर नियुक्त किया गया है, मानस साहू को गेवरा से रायगढ़, मुकेश कुमार सोहागपुर से चिरमिरी, तरुण टोपनानी चिरमिरी से सोहागपुर एवं संजय साहू को मुख्यालय में उत्पादन विभाग से अंडर ग्राउंड सेक्शन में भेजा गया है।

## वरिष्ठ प्रभारी प्रधान पाठक को कार्यरत संस्था में ही पदोन्नति

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ प्रभारी प्रधान पाठक को कार्यरत संस्था में ही पदोन्नति देने की मांग पार्षद आलोक दुबे ने की है। उन्होंने वित्त एवं जिले के प्रभारी मंत्री को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया कि माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक एवं व्याख्याता पदस्थ हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी संस्था के प्रभारी प्राचार्य रहते हुए कार्यरत संस्था में ही प्राचार्य पद पर पदोन्नत हो चुके हैं। वर्तमान में संभाग में पूर्व माध्यमिक शालाओं में प्रधान पाठक के पद रिक्त हो गये हैं, उनमें वरिष्ठ शिक्षक संस्था में प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं, जो कि प्रधान पाठक की सारी योग्यताएं रखते हैं एवं प्रधान पाठक की वरिष्ठता सूची में उनका नाम भी शामिल है।

### एक युवती गंभीर रूप से हुई घायल, अन्य लोगों को आई मामूली चोटें

# ड्राइवर को आई झपकी, एनएच पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलटी



दुर्घटनाग्रस्त सकार्पियो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एनएच 43 पर सोमवार की सुबह एक बारात से वापस लौट रही स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुकान के बाहर रखी एडवेस्टर सीटों से जोरदार टकराते हुए पूरी तरह से पलट गई, हादसे की भयावहता को देखकर मौजूद लोग भी दहल गए,लेकिन जाको राखे साईंया मार सके ना कोय यह कहावत इस दुर्घटना में सच साबित हुई,भीषण टक्कर और वाहन के पलटने के बाद भी स्कॉर्पियो में सवार अधिकांश लोगों को केवल मामूली चोटें आईं,हालांकि एक युवती को गंभीर चोट पहुंची है, गौरतलब है कि सोमवार की सुबह करीब 10 बजे ग्राम केशवनगर में भगवान ट्रेडर्स दुकान के सामने स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 29 एसी 6594 में सवार 45 वर्षीय अभिमन्यु पिता सागर राम,18 वर्षीय सिम्मी पिता कृष्णा दास,22 वर्षीय साक्षी दास पिता अभिमन्यु,35 वर्षीय यशोदा पति अभिमन्यु,45 वर्षीय ऊषा पिता महात्मा दास,18 वर्षीय सुहाना पिता आत्मा दास और 18 वर्षीय प्रालची दास पिता कृष्णा दास बारात कार्यक्रम में शामिल होकर अंबिकापुर से श्रीनगर वापस लौट रहे थे,प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन चालक को अचानक नींद की झपकी लग गई जिसके कारण उसने वाहन पर नियंत्रण खो दिया,स्कॉर्पियो सीधे सड़क किनारे दुकान के बाहर बिक्री के लिए रखे एडवेस्टर सीटों से जा भिड़ी और स्कॉर्पियो वाहन हवा में उछली और चारों चक्के ऊपर की ओर हो गए, इस हादसे के दौरान दुकान संचालक उत्कर्ष गुप्ता की स्कूटी क्रमांक सीजी 29 एएच 2493 भी स्कॉर्पियो के नीचे दबकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है,स्कॉर्पियो सवारों में शामिल युवती प्रालची दास को गंभीर चोट आई है,जबकि बाकी यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं।दुर्घटना के तुरंत बाद एनएच में अफरा तफरी की स्थिति बन गई,सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर भिजवाया,दुर्घटना की टक्कर इतनी तेज थी कि दुकान के बाहर रखी करीब दो लाख रुपए के कई संख्या में रखी एडवेस्टर सीटें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

**खास बात**

- अंबिकापुर में शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस रामानुजनगर लौट रहा था परिवार, केशवनगर में हुआ हादसा

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खेत में पलटी, तीन महिला व एक पुरूष घायल

**लखनपुर।** एनएच 130 पर सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक दिन पूर्व की जहां कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई वहीं आज सुबह पुनः एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगभग 10 फीट गहरे खेत में पलट गई। दुर्घटना में तीन महिला सहित एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। लखनपुर थाना क्षेत्र के बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित लहपटरा और रजपुरी कला के मध्य स्थित पेट्रोल पंप के समीप सुबह लगभग 7 बजे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे 10 फीट खेत में जा पलट गई। कार में सवार तीन महिला एक पुरुष घायल हो गए। स्थानीय निवासी अजहर चौधरी सहित अन्य लोगों ने सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। जहां घायलों का उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बताया जा रहा है कि कार सवार नमना कला के है जो रायपुर से अंबिकापुर आ रहे थे। जैसे ही कार सवार पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तभी चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 10 फीट नीचे खेत में जा पलटी। आसपास के लोगों ने तत्काल घायलों को वाहन से निकाल कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां घायलों का उपचार जारी है। फिलहाल लखनपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।





## लटोरी में अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई, धान लोड पिकअप जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले में धान खरीदी सीजन की शुरुआत के साथ ही प्रशासन ने अवैध धान परिवहन के खिलाफ युद्धस्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी है, कलेक्टर के निर्देशानुसार राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीमें लगातार निगरानी में जुटी हुई हैं,इसी तारतम्य में तहसील लटोरी में एक बड़ी कार्रवाई की गई है,बताया जा रहा है कि गठित टीम जब क्षेत्र में गश्त पर थी,तभी उन्हें एक पिकअप वाहन संदिग्ध स्थिति में तेज रफ्तार से गुजरता दिखा, शक होने पर अधिकारियों ने वाहन को रुकवाया। इस दौरान चालक को घबराया हुआ देख कर शंका और पुख्ता हो गई,जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें 45 बोरी धान भरा मिला,अधिकारियों ने चालक से वैध दस्तावेज बिल्टी, खरीदी पर्ची,परिवहन अनुमति पत्र मांगे,लेकिन चालक किसी भी तरह का प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका, दस्तावेज न मिलने पर टीम ने कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन सहित पूरे 45 बोरी धान को जब्त कर लिया है,बाद में उसे लटोरी पुलिस की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया,प्राथमिक जांच में स्पष्ट हुआ कि यह धान किसी अधिकृत खरीदी केंद्र से नहीं लाया जा रहा था, जिससे अवैध परिवहन की पुष्टि होती है,जिले में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने कई स्तरों पर निगरानी व्यवस्था और मजबूत की है, अधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में समर्थन मूल्य पर खरीदी के दौरान अवैध धान परिवहन और भंडारण के मामले बढ़े हैं,ऐसे में इस बार किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।सूरजपुर कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि धान खरीदी सीजन में अवैध गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए,राजस्व व खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार जब्त किए गए धान के नमूनों का परीक्षण कराया जाएगा और वाहन मालिक, चालक तथा संभावित खरीदारों की भूमिका की जांच होगी।

## राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने सरनाडीह मोड़ पर पकड़ा अवैध चावल व गेहूं लोड पिकअप



**शंकरगढ़।** राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने 14 नवम्बर को ग्राम सरनाडीह मोड़ में गेंह व चालक लोड पिकअप वाहन को पकड़। पिकअप में धान, जिराफुल चावल एवं गेहूं अवैध रूप से लोड कर परिवहन किया जा रहा था। पिकअप वाहन ग्राम महुवाडीह के नसीम नामक व्यक्ति का बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में दस्तावेज संदेहास्पद पाए जाने पर वाहन को तत्काल जब्त किया गया। कार्रवाई मंडी अधिनियम की धारा 53 के तहत की गई है। कार्रवाई एसडीएम अनमोल टोप्पो के नेतृत्व में की गई जिसमें तहसीलदार दानिश परवेज,फूड इंस्पेक्टर,मंडी निरीक्षक सक्रिय रूप से शामिल रहे। जब्त किए गए वाहन को विधि अनुसार आगे की कार्रवाई हेतु शंकरगढ़ थाना में सुपुर्द कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कृषि उपज के अवैध परिवहन, भंडारण अथवा क्रय–विक्रय पर कड़ा रुख अपनाते हुए लगातार निगरानी बढ़ाई गई है। क्षेत्र में ऐसी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## करारटे खिलाड़ियों का पंजाब में शानदार प्रदर्शन, जीते 8 मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



पंजाब के जालंधर स्थित डीएवी. कॉलेज में 7 से 9 नवम्बर तक आयोजित चौथी राष्ट्रीय मंसूरिया इंटरनेशनल ऑल स्टाइल ओपन मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में रामानुजगंज मार्शल आर्ट कराटे ट्रेनिंग सेंटर के चार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 मेडल जीते जिसमें 6 गोल्ड एवं 2 सिल्वर मेडल शामिल है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न सिर्फ रामानुजगंज बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है।

- लौटने पर नगर में हुआ भव्य स्वागत

छत्तीसगढ़ राज्य के सचिव एवं मुख्य ट्रेनर शिहान तरुण शर्मा ने बताया कि देशभर से 325 खिलाड़ियों ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद खिलाड़ियों ने कुमिते और काता वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की। आकृति पासवान ने सब-जूनियर अंडर 30 किलो वर्ग में कुमिते में गोल्ड, काता में सिल्वर, महिमा सिंह सिदार सब-जूनियर अंडर 28 किलो वर्ग में कुमिते व काता दोनों में गोल्ड, सेजल विश्वकर्मा सब-जूनियर अंडर 60 किलो वर्ग में कुमिते में गोल्ड, काता में सिल्वर, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा सीनियर अंडर 55 किलो वर्ग में कुमिते व काता दोनों में गोल्ड मेडल जीते। रामानुजगंज की टीम ने कुल 8 मेडल जीतकर प्रतियोगिता में चौथा स्थान हासिल किया। पंजाब प्रथम, असम द्वितीय तथा त्रिपुरा तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, मणिपुर, तमिलनाडु, पंजाब, उत्तराखंड, असम, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, झारखंड और दिल्ली सहित कई राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता से लौटने पर रामानुजगंज में खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने खिलाड़ियों को पुष्प मालाओं से सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्वागत समारोह में अनूप कश्यप, विजय रावत, अंकित गुप्ता, ललन पासवान, ओम प्रकाश गुप्ता, सीता देवी, किरण पासवान, विपुल सिंह, नरेन्द्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि खिलाड़ी नगर की शान हैं। पूरे देश के मंच पर प्रदर्शन कर आपने रामानुजगंज को गौरवान्वित किया है।

## एसएसपी ने ली जनरल परेड की सलामी

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाइन में जनरल परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। शुक्रवार को आयोजित जनरल परेड में पुलिस बल को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के लिए सभी पुलिसकर्मियों से परेड़ करवाई गई। अच्छी वेशभूषा धारण करने वाले जवानों को पुरस्कृत किया तो वहीं खराब टर्न आउट पर कड़ी चेतावनी दी। एसएसपी ने स्पष्ट संदेश दिया कि पुलिस बल को जनता की सेवा, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के प्रति पूरी निष्ठा के साथ सजगता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि अनुशासन और सतर्कता ही एक जिम्मेदार पुलिस बल की पहचान होती है। उन्होंने टर्नआउट मेंटेन रखने और सभी पुलिसकर्मी को साफ-सुथरी और स्वच्छ वर्दी पहनने के निर्देश दिए।

## राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीम ने फोर्टिफाइड मिक्स्ड चावल लोड पिकअप को पकड़ा



**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में जिले में अवैध धान को लेकर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त जांच टीम ने ग्राम कृष्णपुर में कार्रवाई करते हुए बिना वैध दस्तावेज के फोर्टिफाइड मिक्स्ड चावल का परिवहन करते एक पिकअप वाहन को पकड़ा। जांच के दौरान वाहन से कुल 48 बोरी, लगभग 25 क्विंटल चावल जब्त किया गया। टीम ने आवश्यक कागजात प्रस्तुत न किए जाने पर चावल तथा पिकअप वाहन दोनों को जब्त कर आगे की विधिक कार्रवाई हेतु पुलिस थाना सूरजपुर भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रशासन ने जिले में खाद्यान्न के अवैध परिवहन पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

## लायंस क्लब और एसआरएस हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क परामर्श शिविर

**अंबिकापुर।** लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के लायंस क्लब सरगुजा एवं एसआरएस हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में बृहद निःशुल्क डायबिटीज परीक्षण एवं परामर्श शिविर शक्कर से टक्कर का आयोजन स्थानीय एसआरएस हॉस्पिटल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की के साथ ही ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी शामिल हुए। इस दौरान महापौर डॉ. तिर्की ने बेहतर जीवन शैली किस तरह जीना चाहिए, किस तरह खानपान करना चाहिए जिससे कि डायबिटीज जैसी बीमारी से बचा जा सके इसकी विस्तृत जानकारी दी। सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी डायबिटीज से बचाव किस तरह किया जाए इसकी जानकारी दी। पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की ने डायबिटीज से बचाव हेतु जीवन शैली बदलकर सरगुजिया भोजन करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम को जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, कांग्रेस महासचिव द्वितेंद्र मिश्रा, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ पीके श्रीवास्तव, नोड्ल अधिकारी डॉ. शैलेंद्र गुप्ता, सीनियर सिटीजन अध्यक्ष विष्णु प्रताप अग्रवाल ने संबोधित किया। इस निःशुल्क शिविर में 203 मारिजों की सुगर, बीपी जांच कर परामर्श दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हर्षप्रित सिंह टुटेजा, अध्यक्ष डॉ. यशवर्धन सिंह व आभार प्रदर्शन सचिव अनुजकुमार सिंह ने कियाइस दौरान अध्यक्ष लायन डॉ. यशवर्धन सिंह, लायंस पास्ट गवर्नर लायन डॉ. जीडी सिंह,रविन्द्र प्रताप सिंह टुटेजा, अनिल शुक्ला, पीके गोयल, एलपी गुप्ता, अनुज कुमार सिंह, बिजेन्द्र पाठक, दीपक अग्रवाल, तजेन्दर सिंह धंजल, रंजन स्वर्णकार, गुरुसिंह सभा के अध्यक्ष गुरुचरण सिंह छाबड़ा, रशीद खान, दवा विक्रेता संघ के अमित अग्रवाल, दीपक अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ व बिरसा मुंडा जयंती पर काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर तुलसी साहित्य समिति के द्वारा केशरवानी भवन में अध्यक्ष, मालवीय मिशन सरगुजा ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता, यादव विकास, सच्चिदानंद पाण्डेय, रामनारायण शर्मा, चंद्रभूषण मिश्र और रंजीत सारथी के आतिथ्य में सरस काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मां वीणावती की सामूहिक पूजा से गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। महाकवि तुसलीदास, बीडी लाल व एसपी जायसवाल द्वारा रचित रामायणों का भी संक्षिप्त पाठ किया गया। गीता मर्मज्ञ पं.रामनारायण शर्मा ने वंदे मातरम् राष्ट्रगीत के विषय में बताया कि इसके रचयिता महान कवि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय हैं। यह गीत 07 नवंबर 1875 में लिखा गया था। यह भारत की सामूहिक चेतना, सांस्कृतिक गरिमा, मातृभूमि की वंदना और उसके गौरवगान का मूलमंत्र है। शिक्षाविद् ब्रह्माशंकर सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा के ओजस्वी व्यक्तित्व का चित्रण करते हुए बताया कि वे एक महान स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ ही आदिवासी संस्कृति के भी अप्रतिम संरक्षक थे। उन्होंने अंग्रेजों, जमीदारों और मिशनरियों के द्वारा किए जा रहे शोषण और अत्याचारों का प्रबल प्रतिरोध किया। उनका जन्म 15 नवंबर 1875 के रांची के उलिहातु गांव में हुआ। आदिवासी संस्कृति के उपहास के कारण उन्होंने स्कूल पढाई का परित्याग किया।

सन 1894 में उन्होंने सरदार आंदोलन में भाग लिया, जिसका उद्देश्य आदिवासियों की जमीन और अधिकारों की मांग करना था। उन्होंने जनजातियों को जागरूक करने हेतु बिरसाइत पंथ की स्थापना की। उन्होंने लोगों को मादक द्रव्यों को छोड़ने, हिंसा से दूर रहने, जंगलों की रक्षा और प्रकृति की पूजा करने की सलाह दी। सन् 1895 में उन्हें दो वर्ष की सजा हुई और उन्होंने उलगुलान (महाउत्पात ) आंदोलन का सूत्रपात किया। फलस्वरूप उन्हें जेल जाना पड़ा। 9 जून 1900 को मात्र 25 वर्ष की आयु में रांची जेल में उनकी मृत्यु हो गई। उनका त्याग और समर्पण भरा जीवन देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। काव्यगोष्ठी में कवयित्री माधुरी जायसवाल ने अपने काव्य में वंदे मातरम् गीत को सबके गले का हार बताया। कवि श्यामबिहारी पाण्डेय ने इसे राष्ट्र की आत्मा बताया वंदे मातरम् बोलो वंदे मातरम्। राष्ट्रगीत यह रूह राष्ट्र की, बोलो वंदे मातरम्। वरिष्ठ कवि बीडी लाल ने इसे क्रांतिकारियों का प्यारा और प्रेरक गीत बताया। मंगल पाण्डेय का हूं प्यारा, रानी लक्ष्मी का हूं दुलारा। आजाद, भगत, सुल्ताना टीपू का हूं सच्चा प्रेरक। मैं हूं वंदे मातरम्। कवि जय गुप्त ने इसे जन-जन में राष्ट्र चेतना भरने वाला बताया। संस्था के अध्यक्ष मुकुन्दलाल साहू ने अपने दोहे में इसे भारतीय संस्कृति का संवाहक बताया। कवयित्री सीमा तिवारी ने देश की सीमाओं की रक्षा करने की शपथ अपनी कविता में दोहराई। कवयित्री मंशा शुक्ला ने इंसान के मृत्यु पश्चात उसके कर्म के गीत मात्र रह जाने की बात अपने दोहे में कही। अंजू प्रजापति ने अपनी मिट्टी से था उसको सच्चा प्यार, अन्याय के आगे झुक न पाया, स्वाति टोप्पो ने जंगल के रास्ते चुप थे पर मिट्टी ने एक दिन बोला, गीतकार रंजीत सारथी ने बिरसा मुंडा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। आपसी मेल-मिलाप की बात अमित प्रेम ने कही। इनके अलावा गोष्ठी में कवि चंद्रभूषण मिश्र की कविता, कवयित्री नीलिमा जायसवाल की रचना, कवि राजेन्द्र विश्वकर्मा का नशाबंदी संबंधी गीत, कवि अजय सागर व कवयित्री रोशन कार्तिक के गीतों को भी श्रोताओं ने खूब सराहा। धन्यवाद ज्ञापन कवयित्री मंशा शुक्ला ने किया।

## आमगांव खदान विस्तार के 2 भू विस्थापित ग्रामीणों को प्रबंधन ने प्रदान किया नियुक्ति पत्र

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की आमगांव खदान के विस्तार कार्य को लेकर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा आज सोमवार को दो भू -स्थापित ग्रामीणों को नौकरी हेतु नियुक्ति पत्र सौंपा गया,गौरतलब है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत आमगांव खदान के विस्तार के लिए ग्राम पटना की लगभग 928 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है,यह भूमि 285 खातेदारों की थी,अधिग्रहण के एवज में 464 लोगों को रोजगार देने का वादा किया गया था, जिनमें से अब तक 120 लोगों को नौकरी दी जा चुकी थी और लगभग 100 मामलों की प्रक्रिया जारी थे,अब तक 303 भू-स्वामियों को 71 करोड़ रुपए का भुगतान हो चुका है।

## प्रभारी सचिव डॉ. कमलप्रीत ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



लोनिवि व जिले के प्रभारी सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने सरगुजा के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। 15 नवम्बर से धान खरीदी शुरू होने के बाद पहले दिन समितियों में वीरानी छाई रही जबकि सोमवार को भी ज्यादातर समितियों में सन्नाटा रहा। इस बीच धान खरीदी कार्य को सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से प्रभारी सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने धान खरीदी केंद्र पहुंचे।

उन्होंने आदिमजाति सेवा सहकारी मर्यादित समिति डांड़गांव, उदयपुर एवं जमगला के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर संपूर्ण खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने केंद्रों में मौजूद किसानों से सीधे चर्चा कर खरीदी प्रक्रिया, टोकन वितरण, तुलाई, बारदाना उपलब्धता और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार परेशानी न हो यह सुनिश्चित करने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला प्रभारी सचिव डॉ सिंह ने किसानों ने सीधे संवाद कर धान खरीदी प्रक्रिया से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने ने किसानों को आश्वस्त किया कि शासन द्वारा किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जिला प्रभारी सचिव ने धान उपार्जन केंद्रों में उपलब्ध प्रमुख तकनीकी एवं आधारभूत सुविधाओं की जानकारी ली, उन्होंने बायोमेट्रिक डिवाइस,नमी मापक यंत्र, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, कंप्यूटर सेट, इंटरनेट कनेक्शन एवं विद्युत व्यवस्था, स्टैकिंग व्यवस्था, बारदाना उपलब्धता एवं भंडारण प्रबंधन प्रक्रिया का अवलोकन किया और अधिकारियों को सभी उपकरणों का नियमित परीक्षण एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सरगुजा, एसडीएम बनसिंह नेताम, जिला खाद्य अधिकारी एसबी कांमठे, उदयपुर जनपद पंचायत सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता, नोडल अधिकारी सीसीबी पीसी गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

- किसानों से की चर्चा, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



# लाल किला में होने वाली थी राम चरण की 'पेड्डी' की शूटिंग

**मुंबई।** राम चरण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पेड्डी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का कुछ हिस्सा दिल्ली के लाल किले में शूट होना था। लेकिन, दिल्ली में हुए एक बम विस्फोट के बाद इसे स्थगित कर दिया गया। राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शूटिंग रोक दी गई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, राम चरण की अपकमिंग मूवी 'पेड्डी' का कुछ पैचवर्क पूरा किया जाना था, जिसके लिए टीम को 17 नवंबर को लाल किला और उसके आसपास के एरिया में शूटिंग करने की अनुमति थी। हालांकि, शेड्यूल में कुछ बदलाव हुआ। टीम ने 15 और 16 नवंबर को शूटिंग के लिए डेट्स ब्लॉक कर दीं।

## लाइफ Style



# राशा
## तेलुगु सिनेमा में तहलका मचाने को तैयार

फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकीं राशा थडानी अब साउथ फिल्म में नजर आएंगी। राशा ने 'उई अम्मा' गाने से सभी का दिल जीता। आज उन्होंने अपनी पहली तेलुगु फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास अंदाज में की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राशा ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपना एक धांसू लुक शेयर किया। जिसमें वह बाइक के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। इस पोस्टर के साथ राशा ने कैप्शन में लिखा, 'नई शुरुआत, अनंत आभार। मैं तेलुगु सिनेमा में कदम रख रही हूं।' आगे राशा ने अजय भूपति का धन्यवाद देते हुए लिखा, 'सर, इस अवसर के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। इस सफर को शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। बहरहाल, इस पोस्ट में राशा ने फिल्म का नाम नहीं बताया है। लेकिन उनके इस बोल्ड और हॉट लुक को देखकर लग रहा है कि वह इस बार कुछ अलग करने वाली हैं। राशा की पहली तेलुगु फिल्म को अजय भूपति निर्देशित करेंगे। अजय ने कई लोकप्रिय फिल्में निर्देशित की हैं, जिनमें उनकी पहली फिल्म 'आरएक्स 100', 'महा समुद्रम' और 'मंगलावरम्' शामिल हैं। अजय निर्देशक होने के साथ ही एक अच्छे लेखक भी हैं। राशा थडानी ने अभिनेत्री के तौर पर अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'आजाद' से की। राशा के अलावा यह फिल्म अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन की भी डेब्यू फिल्म थी। 'आजाद' एक पीरियड एक्शन-ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन अभिषेक कपूर ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला



# बार एग्जाम की तैयारी पर हुईं भावुक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन पिछले कुछ महीनों से वकील बनने के लिए कैलिफोर्निया बार एग्जाम की तैयारी कर रही थीं। लेकिन परिणाम उनके पक्ष में नहीं आया और वो असफल हो गईं थीं, जिसकी जानकारी उन्होंने दी थी। अब उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो साझा किया है। इसमें एक्ट्रेस ने परीक्षा के कुछ हफ्तों पहले अपनी तैयारियों की झलक दिखाई है। एक्ट्रेस किम कार्दशियन ने बार परीक्षा से दो सप्ताह पहले का वीडियो साझा किया है।



# निक जोनस ने 'वाराणसी' की टीम को दी बधाई...

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस ने अपनी पत्नी प्रियंका चोपड़ा की नई फिल्म 'वाराणसी' की पूरी टीम को बधाई दी है। इसके साथ ही निक ने प्रियंका को 'मेरी देसी गर्ल' का टैग दिया। यह फिल्म एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही है और इसमें महेश बाबू मुख्य भूमिका में हैं। निक ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए पूरी टीम को बधाई दी और साथ ही में लिखा, 'पूरी टीम को बधाई। यह फिल्म जरूर शानदार होगी।' इसके साथ ही निक ने प्रियंका के खूबसूरत लुक की भी तारीफ की। प्रियंका ने सफेद लहंगे में तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें वह बहुत सुंदर लग रही थीं। उनके लुक में चोकर, मांग टीका, चूड़ियां और लंबी चोटी शामिल थी। निक ने उनकी तस्वीर पर कमेंट किया, 'बहुत खूबसूरत' और 'मेरी देसी गर्ल।' ग्लोबट्रॉटर इवेंट के बाद प्रियंका ने अपना लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया।



# साई पल्लवी को मिला कलैमामणि अवॉर्ड

**मुंबई।** साई पल्लवी इन दिनों अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म 'रामायण भाग 1' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए साई को 'कलैमामणि अवॉर्ड' दिया गया। साई ने इस सम्मान के मिलने पर एक पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर अपनी खुशी जताई है। साई पल्लवी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने दादा और दादी के साथ तस्वीर शेयर की, जिसमें वे पुरस्कार का प्रमाणपत्र पकड़े नजर आ रही हैं। इसके अलावा साई ने तमिलनाडु मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ भी तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ साई ने कैप्शन में लिखा, 'कलैमामणि पुरस्कार मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मैं बचपन से इस नाम को सुनती आई हूं। तमिलनाडु सरकार, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और टीएन इयाल इसाई नादगा मंद्रम को धन्यवाद।



# आज रिलीज होगा धुरंधर का ट्रेलर

**मुंबई।** बीते दिनों फिल्म धुरंधर के निर्माताओं ने ट्रेलर रिलीज इवेंट को कैंसिल कर दिया था। अब मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज की नई तारीख और समय का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म से अभिनेता अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक भी जारी किया गया है। इसमें उन्हें बेहद खतरनाक अंदाज में देख जा रहा है। निर्माताओं ने फिल्म 'धुरंधर' के ट्रेलर रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 18 नवंबर को दिन के 12 बजकर 12 मिनट पर फिल्म का ट्रेलर रिलीज होगा। यह फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी। पहले फिल्म का ट्रेलर निर्धारित तिथि 12 नवंबर को रिलीज किया जाना था। हालांकि, मेकर्स ने दिल्ली धमाके और दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के स्वास्थ्य का कारण बताते हुए इस कैंसिल कर दिया था।

## टीवी मसाला



# अमिताभ बच्चन की बात सुन मनोज के उड़ गए तोते

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 में फैमिली मैन 3 के एक्टर्स हॉट सीट पर थे। मनोज बाजपेयी, शारिब हासमी और जयदीप अहलावत ने गेम शो के दौरान खूब मजे किए। प्रोमो में मनोज बाजपेयी जयदीप अहलावत और शारिब हाशमी को अमिताभ बच्चन के साथ हुई एक खतरनाक घटना के बारे में बता रहे हैं। वह बताते हैं, 'अमितजी ने एक बार मुझे मार दिया था। मेरा हार्ट अटैक हो जाता सिर्फ अमितजी के कारण। ये पूरा प्लान किया गया था मुझे ऊपर लेके जाना का। मैं अवाक रह गया कि इन्होंने क्या बोला। इन्होंने मेरी जान ले ली थी।' इस पर अमिताभ बच्चन मनोज बाजपेयी से कहते रहे कि सबको पूरा सच बताएं कि असल में क्या हुआ था, लेकिन मनोज बाजपेयी ने ये राज नहीं खोला। हालांकि कपिल शर्मा के शो पर मनोज बाजपेयी एक बार बता चुके हैं कि बिग बी ने उनके साथ क्या प्रैंक किया था। मनोज और अमिताभ बच्चन अक्स फिल्म में साथ काम कर चुके हैं। मनोज ने बताया था कि एक एक्शन सीन में उन्हें 100 फीट से कूदना था। मनोज बाजपेयी ऊंचाई से डरते हैं। उन्होंने बताया था, 'पहले तो मैंने जाके देखा, मैंने कहा, यार किसी तरह यह अवॉइड हो सकता है क्या। एक्शन डायरेक्टर ने मुझे बहुत तैयार किया, मनोज तू घबरा मत, सब हो जाएगा, सिर्फ आंख बंद कर लेना। बच्चन साब रहेंगे वहां पे कुछ नहीं होगा तुझे। सब ठीक होगा बस अपनी आंखें बंद कर लो।' मनोज बाजपेयी ने बताया कि वह पूरे समय अपनी आंखें बंद किए रहे, उन्हें एक झरने के पास कूदने के लिए ले जाया जा रहा था। बोले, 'आंख बंद किया हुआ मैंने, बच्चन साब मेरा हाथ पकड़े हुए हैं। हम लोग करीब 80-85 फीट तक गए थे तो बच्चन साब की आवाज आई, मनोज यार कुछ हो जाए तो जया को बोल देना कि यार... मैंने कहा, सर मैं डर रहा हूं। वो बोले, यार सच में घर पर खबर कर देना।' इस शूट में मनोज बाजपेयी की हालत खराब हो गई थी।

## रुबीना दिलैक-अभिनव शुक्ला बने विनर

नई दिल्ली। टीवी का पॉपुलर कपल रियालिटी शो धमाल विद पति पत्नी और पंगा का बीते रविवार को फिनाले था। ड्रामा, इमोशन और मनोरंजन से भरपूर इस शो का पहला सीजन खत्म हो गया है। पति पत्नी और पंगा एक नए कॉन्सेप्ट की शुरुआत थी। इस रियालिटी शो के पहले सीजन के विनर टीवी जगत के लोकप्रिय कपल रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला हैं। इस जोड़ी ने सर्वगुण संपन्न टाइटल जीत शो का खिताब अपने नाम किया है। रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला ने गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी को हराकर शो की ट्रॉफी अपने नाम की। देबिना और गुरमीत दूसरे नंबर पर रहे। फैंस का मानना है अभिनव शुक्ला रुबीना के लिए लकी हैं। रुबीना के साथ अभिनव शुक्ला ने बिग बॉस में भी हिस्सा लिया था और एक्ट्रेस ने उस रियालिटी शो का खिताब भी अपने नाम करने में सफल रही थीं।



# मां ने जिस बेटी को बनाया सुपरस्टार उसी ने कोर्ट में घसीटा

*शोभना समर्थ का असल नाम सरोज शिलोत्री था। अभिनेत्री का शुरुआती जीवन बहुत कठिन रहा, क्योंकि पिता की मौत के बाद वे अपनी मां के साथ बॉम्बे में अपने मामा के घर आ गईं और वहीं कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाई की, लेकिन घर की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए उन्होंने फिल्मों में कदम रखा। उनके मामा ने फिल्मों में काम करने का विरोध किया, क्योंकि फिल्मों में काम करने वाली लड़कियों को गलत नजर से देखा जाता था। उस वक्त रंगमंच या फिल्मों में महिलाओं का रोल करने के लिए पुरुष ही महिला बनते थे या सेक्स वर्कर महिला का किरदार निभाती थीं। इसके अलावा, इस पेशे में न तो ज्यादा वेतन मिलता था और न ही सम्मान। इन सभी चुनौतियों का सामना करते हुए शोभना समर्थ ने फिल्मों में कदम रखा।*

**नई दिल्ली।** शोभना समर्थ ने करियर की शुरुआत 1935 में आई फिल्म 'निगाह-ए-नफरत' से की। फिल्म उर्दू और मराठी में रिलीज हुई थी, लेकिन बाद में फिल्म हिंदी में भी आई। फिल्म पर्दे पर असफल रही, लेकिन शोभना पहली ही फिल्म से चर्चा में आ गई थीं। वह 1937 में आई 'कोकिला', 1936 में आई 'दो दीवाने', 1938 में आई 'निराला हिंदुस्तान', और 1939 में आई 'पति पत्नी' समेत कई फिल्मों में दिखीं, लेकिन उन्हें पहचान 1943 में आई प्रसिद्ध फिल्म 'राम राज्य' से मिली, जिसमें उन्होंने मां सीता का रोल किया था।




### पैसों के गलत इस्तेमाल का आरोप

एक्ट्रेस ने फिल्म निर्देशक कुमारसेन समर्थ से शादी की। कपल चार बच्चों के माता-पिता बने। उन्होंने बेटी नूतन, तनुजा, चतुरा और एक बेटे जयदीप की परवरिश की। नूतन और तनुजा, दोनों 1950-1980 के दशक की शीर्ष अभिनेत्रियां रहीं। इतना ही नहीं, इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए तनुजा की बेटी एक्ट्रेस काजोल मशहूर अभिनेत्री रही हैं और आज तक पर्दे पर उनका जलवा कायम है। नूतन ने अपनी मां शोभना समर्थ पर पैसों के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया था, जिससे बात कोर्ट तक जा पहुंची। नूतन का तर्क था कि उनकी प्रोडक्शन कंपनी में जो पैसा आता है, वह नूतन के हिस्से में भी आता है, इसलिए वह अपने 30% हिस्से का ही टैक्स देंगी और बाकी टैक्स का भुगतान शोभना समर्थ को करना होगा।

# धर्मवीर में पहली बार बाल कलाकार के रूप में पर्दे पर आए थे बॉबी

**नई दिल्ली।** लॉर्ड बॉबी यानी एक्टर बॉबी देओल ने साल 1995 में फिल्म 'बरसात' से एक्टिंग डेब्यू किया था। मगर, पहली फिल्म से 18 साल पहले ही वे पर्दे पर नजर आ चुके थे। बॉबी देओल नजर आए बतौर बाल कलाकार। अपने पिता और दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की फिल्म 'धर्मवीर' में बॉबी देओल ने उनके बचपन का रोल निभाया। बॉबी ने सिर्फ एक डायलॉग बोलकर अपनी मासूमियत से दर्शकों का दिल जीत लिया। बॉबी देओल ने जब 'धर्मवीर' में काम किया तब उनकी उम्र महज छह साल थी। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया, 'मैं छह साल का था। मैं हमेशा से एक्टर बनना चाहता था, पापा की फिल्म धर्मवीर की शूटिंग हो रही थी और उन्हें एक बच्चा चाहिए था, जिसकी टांगे पापा की तरह हैवी हों, लेकिन उन्हें ऐसा कोई भी बच्चा नहीं मिल पाया, वहीं, एक मिला भी तो वह काफी कमजोर था'।



### एक रात पहले पिता धर्मेंद्र ने पूछा था सवाल

बॉबी देओल ने आगे कहा, 'फिर पापा ने मेरे बारे में सोचा। एक रात पहले ही उन्होंने मुझसे पूछा, 'क्या तुम मेरी फिल्म में काम करोगे? मेरे बचपन का रोल है। मैंने पापा को कहा, 'हां, क्यों नहीं'। अगले दिन मैं सेट पर गया। मुझे थोड़ी घबराहट हो रही थी। मुझे मेरे पिता की जैसी एक ड्रेस पहनाई गई। फिल्म में बॉबी देओल हथौड़ा मारकर पत्थर तोड़ते हैं। सीन में उनसे कहा जाता है, 'तू राम दीन का बेटा है। हथौड़े का एक फटका दस के बराबर होना चाहिए'। इस पर बॉबी देओल कहते हैं, 'ये बात है बाबा तो ये लो'। वह हथौड़ा मारते हैं और इसके बाद सीन में धर्मेंद्र की एंट्री हो जाती है।

## कई ऐसे कलाकार हैं, जो अपने किरदार को रियल बनाने करते हैं कड़ी मेहनत

# इन कलाकारों ने बॉडी में किया इतना बदलाव कि पहचानना हुआ मुश्किल

***नई दिल्ली।** बॉलीवुड के कई ऐसे कलाकार हैं, जो अपने किरदार को निभाने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। कई कलाकार ऐसे हैं, जिन्होंने किरदार को रियल बनाने के लिए ट्रेनिंग ली। कई कलाकारों ने अपना वजन घटाया। आज हम उन कलाकारों के बारे में बात करेंगे, जिन्होंने फिल्मों में किरदार निभाने के लिए अपनी बॉडी में बड़े बदलाव किए।*

**रणदीप हुड्डा :** साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सरबजीत' में अभिनय करने के लिए रणदीप हुड्डा ने अपनी बॉडी में बड़ा बदलाव किया था। सरबजीत सिंह के किरदार में ढलने के लिए उन्होंने 28 दिन में अपना वजन 18 किलोग्राम कम कर लिया था। वजन घटने के बाद रणदीप हुड्डा को पहचानना मुश्किल हो रहा था।



**ऋतिक रोशन :** साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'सुपर 30' काफी चर्चा में रही। यह फिल्म इसलिए भी चर्चा में रही थी, क्योंकि फिल्म में आनंद कुमार का किरदार निभाने के लिए ऋतिक रोशन ने वजन बढ़ाया। उन्होंने अपने सिक्स पैक छोड़े थे, ताकि वह आम आदमी की तरह दिख सकें। उनके इस लुक की काफी तारीफ हुई थी।



**राजकुमार राव :** साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'ट्रैप्ड' में राजकुमार राव ने एक ऐसे शख्स का किरदार निभाया था, जो एक अपार्टमेंट फंस जाता है। इसके बाद वह कई दिनों तक भूखा रहता है। इस किरदार को निभाने के लिए उन्होंने अपना वजन घटाया था। वजन कम करने के दौरान उन्होंने ब्लैक कॉफी और गाजर खाया।



**आमिर खान :** फिल्म 'दंगल' (2016) में आमिर खान ने पहले एक पहलवान, फिर दो बेटियों के कोच और पिता का किरदार निभाया है। कोच और पिता का किरदार निभाने के लिए आमिर खान ने पहले अपना वजन 27 किलो बढ़ा लिया। इसके बाद नौजवान पहलवान का किरदार निभाने के लिए उन्होंने वजन कम किया। फिल्म में उनकी अदाकारी को खूब पसंद किया गया।



**फरहान अख्तर :** फरहान अख्तर उन कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने रियल दिखने के लिए अपनी बॉडी में बदलाव किए। फिल्म 'तूफान' (2021) में उन्होंने एक बॉक्सर का किरदार निभाया है। इसके लिए उन्होंने बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ली। अपने किरदार के हिसाब से दिखने के लिए उन्होंने वजन कम किया और काफी मेहनत की।



## खबर संक्षेप

### प्रबंधक और ऑपरेटरों को दी गई ट्रेनिंग

**रायगढ़।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी कार्य को पारदर्शी, सुरक्षित और सुचारू बनाने के लिए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। इसी क्रम में रविवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में जिले के 105 धान उपार्जन केंद्रों के समिति प्रबंधकों और कंप्यूटर ऑपरेटरों को राज्य शासन द्वारा जारी नवीन तकनीकी निर्देशों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। धान खरीदी संबंधी सभी प्रावधानों, प्रक्रियाओं और डिजिटल कार्यप्रणाली की जानकारी विस्तार से दी। सोमवार के लिए जिले के 16 समितियों के 21 किसानों को धान बिक्री के लिए टोकन जारी किए गया था। इन किसानों सें 1320 क्विंटल धान की खरीदी गई। प्रशिक्षण के दौरान नए कंप्यूटर ऑपरेटर्स और समिति प्रबंधकों को सॉफ्टवेयर में खरीदे गए धान की प्रविष्टि, मिलर्स को धान प्रदाय, स्कैनिंग, सत्यापन और डिजिटल प्रक्रिया के अन्य पहलुओं का लाइव प्रेजेंटेशन देकर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जिले में इस वर्ष 69 समितियों के माध्यम से 105 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदा जाएगा।

### पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**रायगढ़।** बीजेपी पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के उपरांत कवर्धा के पूर्व विधायक अशोक साहू का सोमवार को भाजपा कार्यालय में स्वागत किया गया। महिला मोर्चा द्वारा तिलक लगा कर पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान, वरिष्ठ भाजपा नेता गुरुपाल भल्ला, महामंत्री विकास केडिया, जतिन साव की मौजूदगी रही। जिला भाजपा के स्वागत से अभिभूत पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा रायगढ़ जिला भाजपा संगठन से जुड़े साथियों से मिले सम्मान से अभिभूत हूं। उन्होंने भाजपा के सक्रियता की सराहना करते हुए कहा सक्रियता के मामले में रायगढ़ संगठन का नाम प्रदेश में सबसे ऊपर है और उन्होंने आज इसे महसूस भी किया है। अशोक साहू ने प्रथम जिला प्रवास के दौरान संगठन की मजबूती पर भी चर्चा की। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ खिलावन साहू सहित भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री कामता पटेल प्रदेश मंत्री अशोक सिंह समेत अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पेज 1 का शेष

### झारखण्ड का धान ...

फायदा उठाते हुए हर बार झारखण्ड से कम मूल्य में धान की खरीदी कर छत्तीसगढ़ में 31 सौ में खपाते रहे है। इसी को देखते हुए प्रशासन झारखण्ड की सीमा से लगे हर रास्तो पर बैरियर लगाती है जहां सरकारी कर्मचारियों और पुलिस की तैनाती रहती है। इस बार भी हर मोर्चे पर बैरियर लगाया है लेकिन बिचौलिए फिर भी बाज नहीं आते और उनकी कोशिश जारी रहती है।लेकिन छत्तीसगढ़ का प्रशासन भी मुस्तैद है।

### ईब नदी पुलिया ...

दोनों वाहनों में भारी मात्रा में धान लोड पाया गया। तहसीलदार प्रमोद पटेल ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों ट्रकों को धान सहित जब्त कर कुनकुरी पुलिस को सौंप दिया गया है, आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

### नए कानून की ...

अभियोजन विभाग के उप निदेशक सुरेश कुमार साहू, सहायक निदेशक विपिन शर्मा, एडीपीओ विवेक शर्मा, आरती खटकवार एवं समाजसेवी मैनेजर राम मंचासीन रहे। एसडीओपी चंद्रशेखर परमा ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तेज, प्रभावी, पारदर्शी न्यायव्यवस्था, क्रांतिकारी- नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का लक्ष्य है कि तेज, प्रभावी और पारदर्शी न्याय व्यवस्था। "यह बदलाव आने वाली पीढ़ियों के लिए क्रांतिकारी साबित होगा।उप निदेशक अभियोजन सुरेश कुमार साहू ने बताया कि नए कानूनों का प्रभाव न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्ट दिखाई देने लगा है, जो बदलाव की सफलता का संकेत है। एडीपीओ आरती खटकवार ने कहा कि नए प्रावधानों में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता दी गई है। एसएसपी बोले दंड नहीं, न्याय मुख्य लक्ष्य'- कार्यक्रम के समापन पर एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि नए कानून "दंड से न्याय"की अवधारणा को मजबूत करते हैं। उन्होंने घोषणा की कि जिले के अन्य थाना,चौकी क्षेत्रों में भी ऐसे जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, ताकि समाज का हर वर्ग नई न्याय प्रणाली से जुड़े।

---

कई सालों से वादे और दावों के बीच निर्माण को लेकर हो रही राजनीति

# खरसिया आरओबी निर्माण की नहीं छट रही धुंध, अटका काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया


खरसिया रेलवे फाटक पर लगी जाम।

वर्षों से विकास की उम्मीद जगाने वाला रेलवे ओवरब्रिज आरओबी अब खरसिया शहर के लिए इंतज़ार और निराशा का प्रतीक बन चुका है। यह प्रोजेक्ट बार-बार सुर्खियों में आता है, लेकिन ज़मीन पर इसकी शुरुआत आज भी अधर में अटकी हुई है।

बीते 5 सितंबर को सीएम विष्णु देव साय ने खरसिया आरओबी का भूमिपूजन किया था। जनता को भरोसा था कि वर्षों से लंबित यह पुल अब तेजी से बनेगा और शहर को जाम और जर्जर सड़कों की समस्या से छुटकारा मिलेगा, लेकिन आज तक न तो काम शुरू हुआ न ही कोई समय-सीमा तय की गई। दूसरी ओर आरओबी निर्माण की तैयारी के नाम पर कई बार सड़कें खोदी गईं, रास्ते बदले गए, यातायात अव्यवस्थित हुआ। लेकिन निर्माण की एक ईंट भी नहीं रखी गई। सड़कों पर इतने गड्ढे बन चुके हैं कि दोपहिया वाहन चलाना अब जोखिम से भरा सफर बन गया है। प्रोजेक्ट की लगभग लागत 64.95 करोड़ रुपए स्वीकृत है।राज्य और केंद्र दोनों स्तर पर इसे मंजूरी भी मिल चुकी है। इसके बावजूद, निर्माण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी।

**पीएम मोदी ने किया था वर्चुवल शिलान्यास, फिर भी अधर में योजना**

बीते 27 फरवरी 2024 को पीएम ने देशभर के कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स के साथ खरसिया आरओबी का भी वर्चुअल शिलान्यास किया था। इसके बाद लोगों को उम्मीद थी कि अब इंतजार खत्म होगा, लेकिन बदलती परिस्थितियों में राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट के एग्रीमेंट को मंजूरी नहीं दी। इसके चलते ठेका कंपनी ने भी प्रयास बंद कर दिए। परिणाम प्रोजेक्ट फिर फाइलों में ही कैद होकर रह गया।

---

# देव पब्लिक स्कूल एवं डीपीएस प्राइमरी बालाजी के सिल्वर जुबली समारोह का समापन




जशपुरनगर। देव पब्लिक स्कूल एवं डीपीएस प्राइमरी बालाजी में आयोजित सिल्वर जुबली समारोह का दो दिवसीय कार्यक्रम रविवार को सम्पन्न हुआ।

समापन दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कृष्णकुमार राय सहित विशिष्ट अतिथियों जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, डॉ गीतांजलि तिवारी, डीएफओ शशि कुमार तथा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के स्वागत से हुआ। स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर ओम प्रकाश सिन्हा, डायरेक्टर सुनीता सिन्हा, प्राचार्य आशीष डेगवेकर द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। विद्यालय के संस्थापक ओम प्रकाश सिन्हा ने विद्यालय के 25 वर्ष की यात्रा के बारे में बताया।

समापन समारोह का आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। सिल्वर जुबली के अवसर पर विद्यालय की 25 वर्षों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर आधारित एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में शिक्षा के क्षेत्र के जानकारीपूर्ण पोस्टर, वैज्ञानिक मॉडल, कला-प्रदर्शन और डिजिटल प्रस्तुति के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। समापन समारोह के दौरान विद्यालय के पूर्व छात्रों को भी आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए। मुख्य अतिथि खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय अपने सम्बोधन में विद्यालय के निरंतर विकास और शिक्षा क्षेत्र में विशिष्ट योगदान की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 25 वर्षों में संस्था ने जिस प्रकार एक सशक्त और आदर्श शिक्षण वातावरण निर्मित किया है, वह पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। कलेक्टर रोहित व्यास ने विद्यार्थियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया और शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व को रेखांकित किया। विद्यालय प्रबंधन ओम प्रकाश सिन्हा ने सभी अतिथियों का डायरेक्टर सुनीता सिन्हा का विद्यालय के प्राचार्य आशीष डेगवेकर, जयंती सिन्हा उप प्राचार्य एरिंग सोरेंग एकेडमिक उप प्राचार्य मालविका डेगवेकर अभिभावकों, पूर्व छात्रों, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।



---

# अंग्रेजों की पहली लड़ाई आदिवासियों के साथः देवेंद्र

**सरसीवा।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बिलाईगढ़ के आदिवासी बाहुल्य गांव बोड़ा में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने छत्तीसगढ़ महतारी, भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। साथ ही राज्यगीत अरपा पैरी के धार का गायन किया गया और पीएम मोदी के जनजातीय दिवस का लाइव प्रसारण किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत जनजातीय समाज के लोगों ने पारंपरिक गीत और नृत्य के साथ किया जिसमें अन्य बालिकाओं ने भी नृत्य में शामिल हुई। बोड़ा में जनजातीय दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप ने कहा कि हमारे देश के आदिवासियों के इतिहास को छुपाया गया था, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने उजागर किया है। अंग्रेज व्यापारी बनकर आये थे, उनकी निगाह देश के जल, जंगल जमीन पर थी और जल, जंगल जमीन छीनने की कोशिश में अंग्रेजों का पहली लड़ाई आदिवासियों के साथ हुआ था। छत्तीसगढ़ में सभी रियासत आदिवासियों की थी। आज से 150 साल पहले झारखण्ड क्षेत्र में बिरसा मुंडा ने जन्म लिया, उन्होंने अपनी शिक्षा के दौरान ईसाई धर्म से संचालित स्कूल के मिशनरी शिक्षा और संस्कृति को त्यागकर जनजाति परम्परा, बैगा पुजारी से मुलाक़ात किया तो मिशनरी के द्वारा किए जा रहे धर्म परिवर्तन का पता चला।

- **2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने में सभी अपना योगदान दें**



---

कलेक्टर व्यास की विशेष पहल से कन्या भ्रूण हत्या पर कसेगी नकेल

# अवैध भ्रूण जांच की सूचना देने वाले को मिलेगा इनाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले में बालिका लिंगानुपात में सुधार तथा अवैध भ्रूण परीक्षण एवं भ्रूण हत्या रोकने हेतु विशेष अभियान प्रारंभ किया है। इस अभियान के अंतर्गत पत्थलगांव एवं कुनकुरी विकासखण्ड में यदि कोई व्यक्ति साक्ष्य सहित अवैध रूप से हो रहे भ्रूण जांच अथवा भ्रूण हत्या की जानकारी प्रशासन को देता है, तो उसे जिला प्रशासन की ओर से उचित इनाम दिया जाएगा। यह पहल समाज में बेटियों के संरक्षण और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। कलेक्टर व्यास ने बताया कि अवैध भ्रूण जांच रोकथाम एवं पी सी पी ए न डी टी अधिनियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने जिला प्रशासन ने विशेष कार्य योजना लागू की है। इसके अंतर्गत अवैध भ्रूण परीक्षण की सूचना देने वाले व्यक्ति को संबंधित गतिविधि का साक्ष्य प्रस्तुत करना आवश्यक होगा, जैसे– ऑडियो, वीडियो, फोटो, दस्तावेज़ या अन्य प्रमाण। प्रशासन द्वारा साक्ष्य की सत्यता की पुष्टि कर संबंधित सोनोग्राफी सेंटर पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी और उन्हें जिला प्रशासन द्वारा उचित इनाम प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर व्यास ने कहा कि अवैध भ्रूण जांच केवल कानूनन अपराध ही नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन और मानवता के लिए भी खतरा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी स्थान पर ऐसी गतिविधि के होने का संदेह हो, तो साक्ष्य सहित प्रशासन को सूचित करें, ताकि कानून के तहत त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रूण हत्या, अवैध सोनोग्राफी केंद्र, दलाल और इसमें सम्मिलित चिकित्सकों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा निगरानी एवं औचक निरीक्षण किया जाएगा। सभी निजी एवं सरकारी सोनोग्राफी केंद्रों को नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में बेटियों के सम्मान और सुरक्षा के लिए यह प्रशासन की एक सशक्त एवं प्रभावी पहल है।

- **पीसीपीएनडीटी अधिनियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने दिए निर्देश**

---




# पंचायत प्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कांसाबेल।** प्रयोग समाज सेवी संस्था तिल्दा रायपुर के द्वारा ग्राम पंचायत डांडपानी में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 13 से 14 नवंबर तक दिया गया। जिसमें श्रेत्र के 11 गांवो मे से चयनित मुखिया वार्ड पंच सरपंच समूह की महिला मुखिया 45 की संख्या मे शामिल रहकर भाग लिए थे।

प्रशिक्षण की संचालन महिला भूमि व आजीविका अधिकार परियोजना की समन्वयक अंबिका देवी ने किया दो दिवसीय प्रशिक्षण मे विशेष रूप से प्रशिक्षक आशिष तिवारी जी जशपुर से प्रशिक्षार्थियों को जानकारी दिया कि संविधान के अंदर कानून नीति बना हुआ है। जिसे केन्द्र सरकार राज्य सरकार द्वारा इसथानीय स्वशासन ग्रामीण स्तर जिला स्तर ब्लाक स्तर ग्राम पंचायत को लागू करवाता है। शासन योजना बनाकर काम करवाता है जिसे गांव का विकास व अन्य काम रोजगार मिलता है इसके साथ साथ स्वच्छता शिक्षा स्वास्थ्य गुणवत्ता मातरितव योजना अनिवार्य कर स्वच्छ जल नल पानी अच्छा होना चाहिए तभी सभी गांव के व्यक्ति स्वस्थ रह सकते हैं। यह जानकारी आशिष तिवारी ने प्रशिक्षार्थियों को दिये इस प्रशिक्षण मे प्रयोग समाज सेवी संस्था तिल्दा रायपुर की महिला भूमि व आजीविका अधिकार परियोजना की समन्वयक वर्षा बहन सपना वर्मा प्रयोग समाज सेवी संस्था की कोषाध्यक्ष निर्मला कुजूर शामिल रहे है। कांसाबेल ब्लाक के ग्राम पंचायत डांडपानी की सरपंच कमलेश्वरी पैंकरा, उपसरपंच बालेश्वर यादव, लीलावती पैंकरा, बेदोमुखी बाई शांति बाई कमेटी के सदस्य हिकमत सिदार, रैमन, सोहन लाल साय, रंजित पैकरा, कृष्णा यादव, बुधेशवर पैकरा, हेंवंति कुजूर, रतन पैंकरा, मतथू पैंकरा, दैतारी राम यादव शामिल रहे है।

---

# शिक्षक ने बच्चों को नशा मुक्ति के लिए किया प्रेरित



**जशपुरनगर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बघिमा में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएम बघिमा के शिक्षक रवि गुप्ता ने नशा मुक्ति के संबंध में बच्चों को प्रेरणादाई बातें बताई एवं नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान शिक्षक रवि गुप्ता के द्वारा गुटखा, बीड़ी, सिगरेट,शराब तंबाकू आदि दुर्व्यसनों के बारे में बताया गया और उनसे होने वाले बीमारियों के संबंध में एवं पूरी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति आंदोलन एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन में जिसमें समुदाय, परिवार, मित्र और शैक्षणिक संस्थानों सहित अधिक से अधिक लोगों को मिलकर जागरकता लानी चाहिए क्योंकि नशा समाज को खोखला कर रहा है। उन्होंने गुटखा खाने वाले लोगों के बारे में बताया एवं बैनर में कैंसर पीड़ित व्यक्ति का चित्र दिखा करके बताया कि किस प्रकार इसका दुष्परिणाम होता है और एक परिवार की हृदय विदारक घटना भी उन्होंने सुनाई। उन्होंने बीड़ी सिगरेट के संबंध में बताया कि इसके सेवन में से आंतो में अल्सर एवं फेफड़े की भयंकर बीमारी होती है। गुप्ता ने शराब की तुलना शेर एवं सांप से करते हुए बताया कि यह तीनों एक ही राशि के हैं एवं तीनों बहुत ही खतरनाक है एवं शराब हमारे समाज के लिए अभिशाप है। इसके सेवन से लीवर जल्दी खराब होती है, पागलपन की बीमारी एवं हजारों दुर्घटनाएं भी इसी के कारण होती है एवं पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। सभी नशा के संबंध में बैनर में चित्रों द्वारा लोगों को समझाया गया नशा छोड़ने के उपाय बताए गए, बुरी संगति से बचाव योग प्राणायाम आदि का संबंध में बताया गया। उल्लेखनीय है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा समाज कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा भी नशा मुक्ति के लिए विद्यालयों में कार्यक्रम करने का निर्देश दिया गया है ।

---

# नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर शपथ समारोह







**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जशपुर जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज व्यापक स्तर पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। शपथ समारोह में जनप्रतिनिधियों, विषय विशेषज्ञों, स्कूल, महाविद्यालय, स्वेच्छिक संस्थाएं और धार्मिक संगठनों के नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करते हुए व्यापक स्तर पर नशे के विरूद्व ऑनलाईन और ऑफलाईन शपथ कार्यक्रम कराया गया।

---

**खबर प्रकाशित होने के बाद जागा विभाग, पीड़ितों का होगा इलाज**

# लकवा प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

खबर का असर


नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में लकवा प्रभावित लोगों की समस्या को लेकर 17 नवंबर के अंक में हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया था। इसके बाद संज्ञान लेकर 17 नवंबर को ही स्वास्थ्य विभाग ने यहां स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।


अब तक 6 लोगों की मौत, 8 अभी पीड़ित, पार्षद ने की पीड़ितों के उपचार की मांग
लकवा बीमारी का दंश झेल रहा है सरिया नगर पंचायत का वार्ड क्रमांक 4 और 5



स्वास्थ्य शिविर में लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण की गई एवं उचित सलाह दिया गया। नगर पंचायत सरिया के वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में लंबे समय से लकवा से प्रभावित लोग जीवन यापन कर रहे हैं। स्वास्थ्य लाभ एवं जागरूकता के अभाव के कारण इन दोनों वार्डों में दिनोंदिन लकवा के पेशेंट बढ़ते जा रहे हैं। इस दौरान लकवा के छह पेशेंट की मौत भी हो गई। तथा आठ लोग गंभीर रूप से पीड़ित हैं। इन्हें स्वास्थ्य लाभ के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता था। तथा इन दोनों वार्डों में और अनेक लोगों को भी शिविर के माध्यम से बीपी, शुगर की जांच की गई और उन्हें दवा दिया गया। साथ ही साथ समय समय पर बीपी शुगर की जांच करने की सलाह दी गई। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया में पदस्थ मनोज चौधरी सहायक चिकित्सक के नेतृत्व में टीम के द्वारा सुबह से ही शिविर का आयोजन किया गया। जहां नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरुण शराप वार्ड के पार्षद तीर्थ सिदार सहित स्वास्थ्य विभाग एवं मितानिन की टीम सक्रिय थे। और लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411